RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 112 | SUNDAY 03-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



साथी अपनी उम्र का, खोज लीजिए यार।
अंतर जब होता अधिक, मिलते नहीं विचार।
मिलते नहीं विचार, अधिक जब अंतर होता।
छोटा झांके जाग, बड़ा है थक कर सोता।
कह साहिल कविराय, एक चूहा इक हाथी।
अच्छा होता तभी, बराबर का जब साथी।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल




# बड़ी कठिन है डगर पनघट की !




राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/2 मई। लुधियाना समेत पूरे पंजाब की राजनीति में इस समय उथल पुथल चल रही है। पिछले दिनों जहां राज्य की सत्ता में मौजूद आम आदमी पार्टी के सात सांसद पार्टी को अलविदा कहते हुए भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए, वहीं लुधियाना के कई लीडरों पर जमीन हड़पने, अवैध इमारतें बनवाने और महिलाओं का शोषण करने के आरोप लगे। एक तरफ आप पार्टी द्वारा लगातार विकास कार्य किए जा रहे है और नई स्कीमें लाई जा रही है। इन्हें देखकर 10 दिन पहले पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 के नतीजे आप पार्टी के हक में आने के चांस बन गए थे।

लेकिन अब कुछ दिन बाद ही आप लीडरों के दामन पर लगे दाग और पार्टी को मिले झटके के कारण अब कहीं न कहीं आने वाले विधानसभा चुनाव पार्टी के लिए आसान नहीं लग रहे। चर्चा है कि आने वाले समय में दागी चेहरे पार्टी के लिए मुसीबत बन सकते हैं। अब देखना होगा कि पार्टी इन मुश्किलों से कैसे निपटती है। इसी लिए चर्चा छिड़ गई हैं कि जहां पार्टी के लिए पंजाब चुनाव आसान लग रहे थे, लेकिन अब कठिन होते नजर आ रहे हैं। जिससे यह कहावत फिट बैठती है कि बड़ी कठन है डगर पनघट की।

## राजनीतिक षड्यंत्र की चर्चाएं

माहिरों का कहना है कि कुछ महीनों बाद चुनाव है। ऐसे में यह नेताओं के विवाद राजनीतिक षड्यंत्र भी हो सकते हैं। माहिरों के मुताबिक इस बात में गुरेज नहीं है कि आप पार्टी ने राज्य में रही बाकी पार्टियों के मुकाबले ज्यादा जनहित फैसले लिए हैं। जिसके चलते जहां पहले सत्ताधारी पार्टी के हारने के बाद उनके लीडरों के मामले उजागर होते थे। वहीं आप पार्टी के सत्ता में रहते हुए ही आरोप लगने शुरू हो चुके हैं। वहीं एक साथ सभी विवाद खड़े होना राजनीति झोल लग रहा है। माहिरों के मुताबिक इसे पार्टी का राजनीति में भय भी कह सकते हैं।

## सांसदों का डैमेज कंट्रोल करते नए विवाद सामने आए

चर्चा है कि सात सांसदों के एक साथ आप पार्टी छोड़ने के कारण पार्टी को काफी नुकसान हुआ है। पार्टी के दिग्गज लीडर अभी उस डैमेज को कंट्रोल करने में जुटे हैं, लेकिन इस बीच अब मौजूदा राजनेताओं के विवाद सामने आने के कारण पार्टी को नई दुविधा में डाल दिया है।

## लुधियाना के नेताओं पर चल रही साढ़े साती


पिछले दिनों लुधियाना की महिला लीडर के पति पर एक महिला द्वारा शोषण के गंभीर आरोप लगाए गए। वहीं एक विधायक पर करोड़ों की जमीन हड़पने के आरोप लगे हैं। सभी राजनीतिक पार्टियों ने भी इस मुद्दे को जमकर भुनाया। यह मामले हाईकमान तक पहुंच गए हैं। बेशक दोनों मामलों में लीडरों द्वारा खुद को बेकसूर बताया जा रहा है। लेकिन अभी तक उन्हें क्लीन चिट नहीं मिल सकी है। कुछ लोग इसे राजनीतिक चाल मान रहे हैं। लेकिन चर्चा है कि अगर यह मामले सच साबित हुए तो आगे जाकर यह जनता में पार्टी प्रति नेगेटिविटी भी पेश कर सकते हैं।

## कई लीडर जा सकते हैं विदेश

वहीं चर्चा है कि लुधियाना के कई लीडर अपनी पार्टियों की हाईकमान की नजरों में हैं। पार्टी द्वारा सर्वे भी करवाए जा रहे हैं। जिससे पता चला कि उक्त लीडर जनहित कार्य करने में विफिल साबित हो रहे हैं। लगातार जनता द्वारा उन्हें नकारा जा रहा है। ऐसे में चर्चा है कि पार्टी अगले विधानसभा चुनाव में ऐसे लीडरों को साइडलाइन कर सकती है। यह भी चर्चाएं हैं कि शहर के एक राजनेता को भी आशंका है कि अगले विधानसभा चुनाव में उन्हें टिकट मिलना मुश्किल है। जिसके चलते वह देश छोड़कर विदेश जा सकते हैं। चर्चा है कि लीडर टिकट की कंफर्मेशन में बैठे हैं। अगर कंफर्मेशन हो गई तो ठीक नहीं, तो विदेश जाना तो तय ही है।

## सांप के मुंह में कोड किरली जैसे हालात

आप पार्टी द्वारा पिछले साढ़े चार साल के दौरान कई विकास कार्य किए। अब उन कार्यों का फल मिलने का समय आया तो आप के लीडर जो अलग अलग बड़े पद्दों पर तैनात है, उनके कच्चे चिट्ठे खुलने शुरू हो चुके हैं। बेशक सीएम भगवंत मान खुद बेदाग है, लेकिन उनके कई राजनेता व विधायक दागी होते नजर आ रहे हैं। ऐसे में पार्टी अगर उन्हें बाहर का रास्ता दिखाती है, तो फसती है, अगर न दिखाए तो नुकसान होगा। ऐसे में सांप के मुंह में कोड किरली जैसे पार्टी के हालात हो चुके हैं। इन दागी लीडरों में कई ऐसे भी नेतागन शामिल हैं, जो दिल्ली तक अपना प्रभाव दिखाते हैं। अब देखना होगा कि पार्टी अपनी छवि बरकरार रखने को क्या स्टैप लेती है।



## पुलिस की कोठी में रेड, अवैध शराब तस्करी करते लड़के-लड़कियां पकड़े



लुधियाना/यूटर्न/2 मई। पुलिस द्वारा सिविल लाइंस स्थित उधम सिंह नगर में एक कोठी में रेड की गई। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने कोठी में से अवैध शराब और बीयर की पेटियां बरामद की है। हालांकि इस दौरान कोठी में रह रहे लड़के लड़कियों को भी हिरासत में लिया गया है। लेकिन पुलिस द्वारा मामले का खुलासा नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त कोठी में अवैध शराब सप्लाई होती है। सूचना के आधार पर शनिवार शाम को पुलिस ने रेड कर दी। चर्चा है कि कोठी में लड़के लड़कियां किराए पर रहते हैं। उन्होंने कुछ समय पहले ही उक्त कोठी किराए पर ली थी। एएसआई दर्शन सिंह ने कहा कि मौके पर शराब का मामला सामने आया है। लेकिन अभी मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही पूरी जानकारी मिल पाएगी। थाना डिवीजन नंबर आठ की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बीवीएम, ऊधम सिंह नगर में मनाया गया विश्व हास्य दिवस



ऊधम सिंह नगर,/यूटर्न/02 मई। भारतीय विद्या मंदिर (Bharatiya Vidya Mandir), ऊधम सिंह नगर में विश्व हास्य दिवस को पूरे उत्साह, उमंग और सकारात्मक वातावरण के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने हंसी योग का अभ्यास किया, जिससे पूरा परिसर आनंद और तनावमुक्त ऊर्जा से भर गया। विद्यालय के खेल प्रशिक्षक श्री रवि ने अपने प्रेरक संबोधन में हास्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हंसी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में सकारात्मक सोच और मुस्कान को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने कॉमिक्स स्ट्रिप गतिविधि में भाग लेकर हास्यपूर्ण रेखाचित्र और मजेदार कहानियों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। वहीं सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने स्मार्ट बोर्ड पर 'स्माइली बोर्ड' बनाकर उन चीजों को दर्शाया जो उन्हें खुशी देती हैं, जैसे परिवार, मित्र, पालतू जानवर और पसंदीदा भोजन।

# दिल्ली के 30 साल के जज अपने सफदरजंग वाले घर में मृत पाए गए, आत्महत्या का शक

चंडीगढ़/यूटर्न/2 मई। दक्षिण दिल्ली में एक 30 साल के जज अपने घर में मृत पाए गए। पुलिस को आत्महत्या का शक है, क्योंकि उनका शव उनके ग्रीन पार्क वाले घर के बाथरूम के अंदर मिला। मृतक की पहचान अमन कुमार शर्मा के रूप में हुई है। वह प्रेम कुमार शर्मा के बेटे थे और उत्तर-पूर्वी दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (DLSA) के सचिव के पद पर तैनात थे। दिल्ली पुलिस के सूत्रों के अनुसार, आज दोपहर करीब 1:45 बजे सफदरजंग एन्क्लेव पुलिस स्टेशन में एक पीसीआर कॉल आई। यह कॉल मृतक के साले शिवम ने की थी, जो डिफेंस कॉलोनी के रहने वाले हैं। सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने पुलिस को बताया, मेरे जीजा ने घर के बाथरूम में आत्महत्या कर ली है। पुलिस की टीमें उनके घर पहुंचीं, जहां शर्मा बाथरूम के अंदर मिले। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



### कई अहम मामलों को संभाला

अपनी सेवा के दौरान, उन्होंने कई आपराधिक और दीवानी मामलों को संभाला और अलग-अलग अदालतों में काम किया। अक्टूबर 2025 से, वह उत्तर-पूर्वी जिले के लिए कड़कड़डूमा कोर्ट स्थित उछरअ में पूर्णकालिक सचिव के पद पर तैनात थे। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या के पीछे की वजह का अभी पता नहीं चल पाया है। जांच जारी है और आगे की जानकारी का इंतजार है।


### आत्महत्या की आशंका

*शुरूआती जानकारी से पता चलता है कि शर्मा ने आत्महत्या की है और ऐसा माना जा रहा है कि उन्होंने फांसी लगाकर जान दी। पुलिस ने बताया कि अब तक किसी भी तरह की गड़बड़ी के कोई संकेत नहीं मिले हैं, हालांकि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारी घटनाक्रम का पता लगाने के लिए परिवार के सदस्यों और करीबी लोगों से भी बात कर रहे हैं। शर्मा 19 जून, 2021 को दिल्ली न्यायिक सेवा में शामिल हुए थे। उन्होंने 2018 में पुणे के सिम्बायोसिस लॉ स्कूल से अपनी कानून की डिग्री पूरी की थी।*

# लेडी ट्रेनर से कारोबारी ने जिम में की अश्लील हरकतें, पीछे से आकर बाहों में जकड़ा, गुस्साई ट्रेनर ने दूर हटाया

जालंधर/यूटर्न/2 मई। जालंधर में एक कारोबारी ने लेडी जिम ट्रेनर के साथ भरे जिम में छेड़छाड़ की। वह पीछे से आया और लेडी जिम ट्रेनर को बाहों में भरकर पकड़ लिया। यह देखकर लेडी ट्रेनर भी हैरान रह गई। उसने तुरंत पीछे मुड़कर विरोध जताया। इसके बाद वह कारोबारी से बहस करते हुए नजर आई और तुरंत वहां से दूसरी तरफ चली गई। कारोबारी समझ गया कि लेडी ट्रेनर नाराज हो गई तो वह भी पीछे-पीछे जाता नजर आया। इस मामले का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

लेडी ट्रेनर का कहना है कि जिस वक्त ये घटना हुई, जिम में कई लोग एक्सरसाइज कर रहे थे। कारोबारी ने पीछे से पकड़कर उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। जिम में मौजूद अन्य लोग भी इस घटना को देखकर दंग रह गए।



उसने तुरंत इसकी शिकायत 112 पर कॉल कर दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी कारोबारी हनी रंधावा को हिरासत में ले लिया और पूछताछ की जा रही है। थाना डिवीजन नंबर 6 की इंस्पेक्टर रजवंत कौर ने बताया कि मामले की अभी जांच की जा रही है और अभी महिला को बयान के लिए बुलाया जाएगा।

### जिम में काफी संख्या में लोग मौजूद थे

जानकारी के अनुसार, यह मामला शुक्रवार शाम 8 बजे चुनमुन मॉल के नजदीक स्थित जिम का है। जिसमें लेडी ट्रेनर से छेड़छाड़ की गई। घटना उस समय हुई जब जिम में काफी संख्या में लोग मौजूद थे और लेडी ट्रेनर अपनी ड्यूटी कर रही थी। बताया जा रहा है कि इसी दौरान एक मशहूर कारोबारी जिम में आया और उसने लेडी ट्रेनर के साथ बदतमीजी शुरू कर दी। आरोप है कि उसने अचानक पीछे से लेडी को पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विपरीत केंद्र सरकार द्वारा पारित काले कानून की वापसी को लेकर 20 लाख पैरामिलिट्री परिवार सड़कों पर उतरेंगे : एचआर सिंह

**6 मई को पुरानी पेंशन बहाली, ऑगेनाईज्ड ग्रुप ए सर्विस दर्जे की मांगों को लेकर एलायंस ऑफ ऑल एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस वेलफेयर एसोसिएशन जंतर-मंतर पर**

चंडीगढ़/यूटर्न/2 मई। पुरानी पेंशन बहाली व संसद द्वारा पारित काले कानून की वापसी को लेकर 20 लाख पैरामिलिट्री परिवारों में भारी रोष है। एलायंस ऑफ ऑल एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष पूर्व एडीजी एचआर सिंह ने आज यहाँ चण्डीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित एक प्रेस वार्ता में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए 13 हजार कैडर ऑफिसर्स के हक में सुप्रीम कोर्ट द्वारा 23 मई 2025 को सुनाए गए



ऐतिहासिक फैसले के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा संसद में सीएपीएफ जनरल एडमिनिस्ट्रेशन बिल 2026 पास करने पर हैरानी जताई और सरकार से इस काले कानून की वापसी की जोरदार मांग की। आईटीबीपी आईजी (वेटरन) आनंद निंबाडिया ने केंद्रीय सुरक्षा बलों के लिए एक अलग मंत्रालय बनाने की मांग की ताकि इन फोर्सेज की चिंताओं एवं पॉलिसी अटेंशन पर फोकस किया जा सके। उन्होंने कहा कि अर्ध सैनिक बलों के कंधों पर आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने के साथ ही संवेदनशील सरहदों की चौकसी करने की बड़ी जिम्मेदारी होती है। उन्होंने कहा कि जवानों को लंबे समय से सैकड़ों हजारों किलोमीटर दूर बीवी-बच्चों से दूर रहना पड़ता है। अतः सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि पैरा मिलिट्री जवानों की बेहतरी के लिए अलग से पेंशन, प्रमोशन, छुट्टियों के लिए अलग से सर्विस रुल बनाने की जरूरत जताई। पूर्व आईजी, बीएसएफ, विकास चंद्रा द्वारा देश की रक्षा पंक्ति फोर्स बीएसएफ, जिसके पास अपना तोपखाना, मरीन विंग व एयर विंग हों, उसे सरकार कैसे सिविलियन फोर्स करार दे सकते हैं।

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## सीएम ने संगूर के कौहरियां में आधुनिक सीएचसी भवन का किया उद्घाटन



लुधियाना, यूटर्न, 02 मई। पंजाब के मुख्यमंत्री Bhagwant Singh Mann ने संगूर जिले के कौहरियां में नवनिर्मित अत्याधुनिक 30-बेड कम्युनिटी हेल्थ सेंटर (CHC) का उद्घाटन किया। यह परियोजना ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। इस भवन को लुधियाना स्थित डिजाइनेक्स आर्किटेक्ट्स के चीफ आर्किटेक्ट Sanjay Goel द्वारा डिजाइन किया गया है।

VOL: 11 | ISSUE 112 | SUNDAY 03-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# फोकल प्वाइंट का बदलेगा चेहरा: मंत्री अरोड़ा ने 52 करोड़ के विकास कार्यों की शुरुआत की


लुधियाना/यूटर्न/2 मई। कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा की और से सीआईसीयू कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में शिरक्त की। जहां पर उद्योगपतियों के साथ मीटिंग की गई। इस दौरान मंत्री अरोड़ा ने लुधियाना के फोकल प्वाइंट इलाकों के विकास के लिए करीब 52 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स की शुरूआत की। इन प्रोजेक्ट्स के तहत 16 करोड़ रुपए सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार पर, 21 करोड़ पार्क और ग्रीन बेल्ट के विकास पर, 6 करोड़ पानी और सीवरेज सिस्टम अपग्रेड करने पर तथा 9 करोड़ रुपये






स्ट्रीट लाइट लगाने पर खर्च किए जाएंगे। उद्योगपतियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी और हलवारा एयरपोर्ट के लिए पंजाब सरकार का धन्यवाद किया। इस मौके पर मेयर इंदरजीत कौर, निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

**1300 करोड़ के प्रोजेक्ट्स तेजी से पूरे किए जाएंगे...** मंत्री अरोड़ा ने कहा कि सड़कों के सुधार से कनेक्टिविटी बेहतर होगी और स्ट्रीट लाइट से सुरक्षा बढ़ेगी। उन्होंने उद्योगपतियों से अपने आसपास के पार्क और ग्रीन एरिया को गोद लेने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि पार्टी सुप्रीमो अरविंदर केजरीवाल और सीएम भगवंत मान के नेतृत्व में राज्य में करीब 1300 करोड़ रुपये के सड़क प्रोजेक्ट्स भी तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। मंत्री ने बताया कि राज्य में बिजली की कोई कमी नहीं है और पावर इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत किया गया है। साथ ही ठोस कचरा प्रबंधन सुधारने के लिए भी कई कदम उठाए जा रहे हैं।



# सीआईए अफसर बनकर कारोबारी को उठा ले गए युवक-युवती, होटल से हुए अपहरण कांड का खुलासा, 4 गिरफ्तार

मोहाली/यूटर्न/2 मई। मोहाली के जीरकपुर में वीआईपी रोड स्थित रॉयल जंक्शन के बाहर से कारोबारी के अपहरण का मामला पुलिस ने सुलझा लिया। इस वारदात को आरोपियों ने फिल्मी अंदाज में अंजाम दिया है। पुलिस ने इस मामले में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में युवक व युवती भी शामिल हैं। दोनों पुलिस अफसर बनकर कारोबारी को उठा ले गए थे। मामले की शुरूआत तब हुई, जब हाईलैंड पार्क निवासी सुमित सूद ने अपने पुराने दोस्त और जालंधर के कारोबारी नीरज कक्कड़ से मिलने की योजना बनाई। 30 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे सुमित अपने साथियों के साथ वीआईपी रोड स्थित रॉयल जंक्शन पहुंचे, जहाँ नीरज पहले से उनका इंतजार कर रहे थे।




## बोले- पटियाला सीईए से हैं, मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है

शाम करीब 6:45 बजे जब सभी दोस्त साथ बैठे थे, तभी एक मास्क पहने युवती वहाँ आई और नीरज से बात करने लगी। इसी दौरान दो हट्टे-कट्टे युवक वहाँ पहुंचे और नीरज को जबरन पकड़ लिया। जब दोस्तों ने बीच-बचाव की कोशिश की तो आरोपियों ने खुद को पटियाला सीआईए का कर्मचारी बताया। उन्होंने दावा किया कि नीरज के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज है और वे उसे गिरफ्तार करने आए हैं। इसके बाद वे नीरज को अपनी गाड़ी में डालकर फरार हो गए।

## पुलिस की त्वरित कार्रवाई और गिरफ्तारी

नीरज का कोई सुराग न मिलने पर सुमित सूद ने कोहिनूर ढाबा के पास पुलिस को सूचना दी। कंट्रोल रूम 112 के माध्यम से एसआई जसवंत सिंह की टीम मौके पर पहुँची और जांच शुरू की। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए इस मामले में संलिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# बरवाला में अवैध पार्किंग पर पुलिस की कार्रवाई, 20 चालान काटे

पंचकूला/बरवाला/यूटर्न/02 मई। बरवाला की सड़कों पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और अवैध पार्किंग पर लगाम लगाने के लिए पुलिस प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। इसी क्रम में सूरजपुर ट्रैफिक एसएचओ अभिषेक के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध रूप से वाहन खड़े कर जाम की स्थिति उत्पन्न करने वाले 20 वाहन चालकों के चालान काटे गए।

एसीपी ट्रैफिक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस अब उन चालकों के खिलाफ भी कड़ा रुख अपना रही है, जो अपने वाहन सड़क किनारे खड़ा कर मौके से गायब हो जाते हैं। ऐसे मामलों में पुलिस ने वाहनों के शीशों पर विशेष 'नो-पार्किंग चालान स्टीकर' चिपकाए, जिससे वाहन मालिकों को सूचित



किया गया कि उनका ऑनलाइन चालान किया जा चुका है। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने कहा कि अवैध पार्किंग न केवल यातायात को बाधित करती है, बल्कि एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाओं के लिए भी बड़ी समस्या बनती है। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं, बल्कि लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता और अनुशासन विकसित करना है।

# ड्यूल ओटीपी सिस्टम से साइबर ठगी पर लगेगा अंकुश, सेक्टर-5 थाने में बुजुर्गों को किया जागरूक




पंचकूला/यूटर्न/02 मई। साइबर अपराधों पर रोक लगाने और खासकर बुजुर्गों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सेक्टर-5 थाना में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान हरियाणा पुलिस की नई पहल 'ड्यूल ओटीपी सिस्टम' की विस्तृत जानकारी दी गई।



थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रुपेश चौधरी ने बताया कि यह प्रणाली 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे बढ़ते साइबर फ्रॉड को रोकने में कारगर साबित होगी। इसके तहत किसी भी बैंकिंग लेन-देन के दौरान ओटीपी केवल खाताधारक को ही नहीं, बल्कि उसके द्वारा नामित विश्वसनीय परिजन—जैसे बेटा, बेटी या अन्य सदस्य—को भी भेजा जाएगा। दोनों की पुष्टि के बाद ही ट्रांजेक्शन पूरा होगा, जिससे धोखाधड़ी की संभावना काफी कम हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही खाताधारकों के लिए ट्रांजेक्शन लिमिट तय करने की व्यवस्था भी लागू की जा रही है, ताकि अनधिकृत लेन-देन पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

पुलिस अधिकारियों ने जानकारी दी कि इस सिस्टम को लागू करने के लिए आरबीआई और विभिन्न बैंकों के साथ समन्वय कर योजना तैयार की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, निवेश धोखाधड़ी और 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे नए साइबर अपराधों के तरीकों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि साइबर अपराधी लगातार नए तरीके अपनाकर लोगों को निशाना बना रहे हैं, ऐसे में जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे अज्ञात कॉल, संदिग्ध लिंक और अनजान मैसेज से सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना दें।

कार्यक्रम के अंत में विशेष रूप से बुजुर्गों से साइबर सुरक्षा नियमों का पालन करने और अपने परिवार को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया, ताकि सामूहिक प्रयासों से साइबर ठगी के खिलाफ मजबूत सुरक्षा तंत्र तैयार किया जा सके।

# पंचकूला नगर निगम की अनूठी पहल: 'नई सोच, नया शहर' अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश

## पंचकूला को स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल स्थान दिलाने के लिए जनभागीदारी बेहद आवश्यक

पंचकूला/यूटर्न/02 मई। पंचकूला नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर और कचरा मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'नई सोच, नया शहर' अभियान के अंतर्गत आज शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों का भव्य आयोजन किया गया। इन नाटकों के माध्यम से आम जनमानस और विशेषकर स्ट्रीट वेंडर्स (रेहड़ी-फड़ी संचालकों) को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

**नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाजारों और रिहायशी इलाकों में स्वच्छता जागरूकता का संदेश...**नगर निगम की टीम और कलाकारों ने शहर के व्यस्त बाजारों और रिहायशी इलाकों में अपनी प्रस्तुतियों के जरिए लोगों का ध्यान प्रभावी ढंग से आकर्षित किया। इस नाटक का मुख्य केंद्र कचरा प्रबंधन और स्वच्छता से जुड़े महत्वपूर्ण विषय रहे, जिनमें गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में डालने के महत्व पर जोर






दिया गया। साथ ही, सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए कपड़े के थैलों के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया गया। इसके अतिरिक्त, स्ट्रीट वेंडर्स की जिम्मेदारी पर भी विशेष ध्यान दिया गया, जिसमें रेहड़ी-फड़ी संचालकों को अपनी दुकान के आसपास स्वच्छता बनाए रखने और डस्टबिन का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

**जनभागीदारी से ही पंचकूला बनेगा स्वच्छता में अव्वल...**कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के अधिकारियों ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि पंचकूला को स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल स्थान दिलाने के लिए जनभागीदारी बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि 'नई सोच' का अर्थ है स्वच्छता को केवल सरकारी जिम्मेदारी न मानकर अपनी नैतिक

- 'नई सोच, नया शहर' अभियान के तहत अन्य वार्डों में भी होंगे जागरूकता कार्यक्रम

जिम्मेदारी के रूप में अपनाना। इस अवसर पर उन्होंने कहा, 'शहर हमारा घर है और इसकी सफाई हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। स्ट्रीट वेंडर्स अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं; यदि वे अपनी जगह साफ रखेंगे, तो पूरा बाजार स्वच्छ और व्यवस्थित नजर आएगा।

**स्ट्रीट वेंडर्स का उत्साह...**नुक्कड़ नाटक देखने के बाद कई स्ट्रीट वेंडर्स ने संकल्प लिया कि वे अपनी रेहड़ी के पास गंदगी नहीं फैलाएंगे और आने वाले ग्राहकों को भी डस्टबिन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि 'नई सोच, नया शहर' अभियान के तहत आने वाले दिनों में शहर के अन्य वार्डों में भी इसी तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि स्वच्छता का यह संदेश घर-घर तक जए


पेज 12 जगरांव पुलिस थाने के बाहर 'मजदूर दिवस' पर जोरदार...

## AI से गैंगस्टरों पर शिकंजा: पंजाब पुलिस का 'वॉयस बैंक' बना नया हथियार, मिनटों में होगी पहचान

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/02 मई। पंजाब में संगठित अपराध और विदेशों से संचालित गैंगस्टर नेटवर्क पर लगाम कसने के लिए पुलिस ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का सहारा लिया है। 'गैंगस्टरों ते वार' अभियान के तहत शुरू किए गए पंजाब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम ने जांच एजेंसियों को नई ताकत दी है, जिससे अब अपराधियों की पहचान और उनके नेटवर्क को ट्रैक करना पहले से कहीं आसान हो गया है। इस आधुनिक सिस्टम के तहत पुलिस ने 84 हजार से अधिक संदिग्धों और अपराधियों के वॉयस सैंपल का एक विशाल 'वॉयस बैंक' तैयार किया है। अकआधारित वॉयस रिकग्निशन तकनीक की मदद से अब किसी भी संदिग्ध कॉल या ऑडियो के जरिए अपराधियों की पहचान मिनटों में संभव हो पा रही है। PAIS में करीब 3.90 लाख अपराधियों का विस्तृत डाटाबेस भी शामिल है, जिसमें उनके आपराधिक रिकॉर्ड, गैंग कनेक्शन और गतिविधियों की जानकारी मौजूद है। सिस्टम में मौजूद 'गैंग ट्री सर्च' फीचर जांच एजेंसियों को पूरे अपराध तंत्र को समझने और मास्टरमाइंड तक पहुंचने में मदद करता है।






**विदेश से ऑपरेट हो रहे गैंग, अकसे होगी ट्रैकिंग...**पुलिस के अनुसार पंजाब से जुड़े करीब 60 कुख्यात गैंगस्टर कनाडा, अमेरिका और इटली जैसे देशों में बैठकर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। ये आरोपी एन्क्रिप्टेड ऐप्स और अंतरराष्ट्रीय वर्चुअल नंबरों के जरिए रंगदारी और अन्य अपराधों को अंजाम देते हैं। ऐसे में यह अकसिस्टम पुलिस के लिए एक बड़ा हथियार बनकर सामने आया है।

**ADGP बोले अब मिनटों में पहचान संभव...**एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (AGTF) के एडीजीपी प्रमोद बैन ने बताया कि पहले विदेशों में बैठे अपराधियों तक पहुंचना बेहद मुश्किल था, लेकिन अब वॉयस मैचिंग तकनीक के जरिए कॉल करने वाले की पहचान कुछ ही मिनटों में की जा सकती है। इससे पुलिस समय रहते कार्रवाई कर पाती है। उन्होंने कहा कि यह सिस्टम केवल अपराध के बाद कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि संभावित अपराधों को पहले ही रोकने में भी कारगर साबित हो रहा है। हाल ही में कई मामलों में विदेशी हैंडलर्स और स्थानीय युवाओं के बीच हो रही बातचीत को ट्रैक कर हमलों को टाला गया है।

**पूरे नेटवर्क पर नजर, इंटरपोल से भी समन्वय...**पुलिस के अनुसार नई रणनीति के तहत अब केवल अपराधियों की गिरफ्तारी ही नहीं, बल्कि पूरे नेटवर्क फंडिंग, प्लानिंग और एग्जीक्यूशन पर एक साथ नजर रखी जा रही है। साथ ही फ्यूजिटिव ट्रैकिंग सेल को भी ढअकर से जोड़ा गया है, जिससे इंटरपोल जैसी एजेंसियों के साथ समन्वय कर विदेशों में छिपे अपराधियों की पहचान और प्रत्यर्पण की प्रक्रिया तेज की जा रही है। पंजाब पुलिस का मानना है कि तकनीक आधारित यह पहल राज्य में संगठित अपराध के खिलाफ लड़ाई में बड़ा बदलाव साबित होगी।

## सीबीआई जांच की मांग को लेकर राज्यपाल से मिलेंगे जाखड़, आप सरकार पर साधा निशाना

चंडीगढ़/यूटर्न/02 मई। राज्यसभा सांसद संदीप पाठक के खिलाफ दर्ज एफआईआर के बाद पंजाब की सियासत तेज हो गई है। पंजाब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने ऐलान किया है कि वह जल्द ही राज्यपाल से मिलकर पूरे मामले की जानकारी देंगे और सीबीआई जांच की मांग उठाएंगे। शनिवार को मीडिया से बातचीत में जाखड़ ने बताया कि भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल को विस्तृत तथ्यों से अवगत कराएगा, ताकि मामले में पारदर्शिता बनी रहे और निष्पक्ष जांच हो सके। उन्होंने कहा कि संवैधानिक प्रक्रिया के तहत उचित मंच पर मुद्दा उठाना जरूरी है। इस दौरान जाखड़ ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार गंभीर मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि अब जनता राजनीतिक बयानबाजी और वास्तविक मुद्दों के बीच फर्क समझने लगी है और सरकार को जवाबदेही से बचना नहीं चाहिए। जाखड़ ने कहा कि राज्य में कई अहम मुद्दे लंबित हैं, जिन पर सरकार को स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिनके घर शीशे के होते हैं, उन्हें दूसरों पर पत्थर नहीं फेंकने चाहिए,और आरोप-प्रत्यारोप से पहले आत्ममंथन की जरूरत बताई। उन्होंने लालजीत सिंह भूल्लर से जुड़े मामले को भी गंभीर बताते हुए कहा कि इस मुद्दे को केंद्रीय स्तर पर उठाया जाएगा। जाखड़ के मुताबिक, सात राज्यसभा सांसदों के हस्ताक्षर के साथ वे केंद्रीय गृह मंत्री से मिलकर मामले की सीबीआई जांच की मांग करेंगे। इसके अलावा जाखड़ ने विधायक रमन अरोड़ा के मामले का जिक्र करते हुए कहा कि जो कल तक मुख्यमंत्री के करीबी बताए जा रहे थे, उनके खिलाफ ही अब केस दर्ज हो गया। उन्होंने इसे सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल बताते हुए कहा कि पारदर्शिता और स्थिरता जरूरी है। जाखड़ ने स्पष्ट किया कि वह पंजाब में राष्ट्रपति शासन के पक्ष में नहीं हैं, लेकिन राज्य को मौजूदा हालात से बाहर निकालने के लिए ठोस कदम उठाने जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए और भाजपा जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है।



RIGHT LOCATION ♦ RIGHT OPPORTUNITY

LUDHIANA IMPROVEMENT TRUST E-AUCTION

RESERVE PRICE 197 CRORE

FOR FREE-HOLD 7634 SQ YDS BUILT-UP COMMERCIAL COMPLEX AS A SINGLE UNIT AT LUDHIANA



5 FLOORS PLUS DOUBLE BASEMENT PARKING (250 CARS)

DETAILS OF BUILT-UP COMMERCIAL COMPLEX

| | |
|---|---|
| BASEMENT & LOWER BASEMENT | 53,000 SQ FT |
| GROUND FLOOR | 26,500 SQ FT |
| FIRST FLOOR | 26,500 SQ FT |
| SECOND TO FOURTH FLOOR | 79,500 SQ FT |
| FIFTH FLOOR | 19,586 SQ FT |
| SIXTH FLOOR | 950 SQ FT |
| TOTAL BUILT-UP AREA ON ALL FLOORS | 2,06,036 SQ FT |

COMMERCIAL COMPLEX SITUATED IN HEART OF LUDHIANA

- DISTANCE FROM LUDHIANA JUNCTION RAILWAY STATION : 2KM
- DISTANCE FROM GHUMAR MANDI : 300M
- DISTANCE FROM FOUNTAIN CHOWK : 500M
- DIAGONALLY OPPOSITE KHALSA COLLEGE FOR WOMEN

FURTHER INFORMATION




E-AUCTION REGISTRATION DETAILS

| | | |
|---|---|---|
| REGISTRATION STARTS | 01-05-2026 | 09:00 AM |
| REGISTRATION CLOSES | 22-05-2026 | 05:00 PM |
| ONLINE BIDDING STARTS | 26-05-2026 | 09:00 AM |
| ONLINE BIDDING CLOSES | 28-05-2026 | 05:00 PM |

HARINDER SINGH CHAHAL
EXECUTIVE OFFICER
LUDHIANA IMPROVEMENT TRUST
+91 98884 49696

TARSEM SINGH BHINDER
CHAIRMAN
LUDHIANA IMPROVEMENT TRUST
+91 98140 26330

# भगवान वाल्मीकि जी की प्रतिमा से प्रकाश निकलने की घटना ईश्वर का चमत्कार – विजय दानव



लुधियाना/यूटर्न/2 मई। बीते दिनों महानगर के जवाहर नगर कैंप गली नंबर 14 स्थित भगवान वाल्मीकि जी मंदिर में एक चमत्कार देखने को मिला, जब मंदिर कमेटी के प्रधान लाली घई द्वारा मंदिर में लगे कैमरों को रात 12 बजे अपने फोन में चेक किया गया तो भगवान वाल्मीकि जी की प्रतिमा से दिव्य प्रकाश निकल रहा था। इस घटना के संबंध में भावाधस के मुख्य संचालक विजय दानव और भावाधस की टीम द्वारा उक्त मंदिर का जायजा लिया गया और भगवान वाल्मीकि जी की प्रतिमा के आगे मत्था टेककर आशीर्वाद लिया गया। उन्होंने कहा कि बीते दिनों भगवान वाल्मीकि मंदिर में जो यह अनोखी घटना घटी है, यह साक्षात भगवान वाल्मीकि जी का चमत्कार है और ईश्वर अपने आप लोगों को दर्शन दे रहे हैं और सावधान कर रहे हैं कि जिस धरती पर पाप बढ़ रहा है और ईश्वर इन पापी लोगों को पाप से बचाने के लिए जहां दर्शन दे रहे हैं। इस मौके पर चौधरी यशपाल, लाली घई, रूप लाल घई, देव राज असुर, संजीव बेगड़ा, कुश द्रविड़, संजीव एकलव्य, संजय दिशावर, राज कुमार, पप्पू कुमार, सोहनवीर रनिया, कनौज दानव, धर्मवीर मचल, अरुण चंडालिया, रोबिन अटवाल, सुनील हंस, शमी भट्टी, आदित्य बग्गन, विजय संगर, सोनू सूद, मिंकल बिरला मौजूद थे।


Happy Wedding Anniversary



Dr.Deepak Jain
& Dr. VEENU Jain


## रूह से रूबरू






चारू नागपाल

### भक्ति में शक्ति का अर्थ क्या है?

हिंदू धर्म में भक्ति में शक्ति होने का दावा केवल धार्मिक भावना नहीं, बल्कि गहरे मनोवैज्ञानिक और आध्यात्मिक अनुभवों पर आधारित है। भक्ति का अर्थ है ईश्वर के प्रति सच्ची श्रद्धा, प्रेम और समर्पण। जब व्यक्ति पूरी आस्था के साथ भगवान को याद करता है, तो उसका मन स्थिर और शांत हो जाता है। यह मानसिक शांति उसे जीवन की कठिन परिस्थितियों का सामना करने की ताकत देती है।

भक्ति व्यक्ति के भीतर सकारात्मक ऊर्जा पैदा करती है। जब कोई व्यक्ति भगवान पर विश्वास करता है, तो उसे लगता है कि वह अकेला नहीं है, उसके साथ एक दिव्य शक्ति है। यह विश्वास डर, चिंता और तनाव को कम करता है। यही कारण है कि भक्ति को शक्ति का स्रोत माना जाता है।

हिंदू ग्रंथों में भी कई उदाहरण मिलते हैं, जैसे रामायण में हनुमान जी की भक्ति ने उन्हें असाधारण शक्तियाँ दीं। इसी तरह महाभारत में अर्जुन को श्रीकृष्ण की भक्ति और मार्गदर्शन से विजय प्राप्त हुई। अंततः, भक्ति व्यक्ति को आत्मविश्वास, धैर्य

और आशा देती है। यही आंतरिक गुण जीवन में सफलता और संतुलन बनाए रखने में सहायक होते हैं। इसलिए कहा जाता है कि भक्ति में वास्तव में शक्ति होती है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

Child Visitation Rights क्या होते हैं?

तलाक या अलगाव के मामलों में अक्सर बच्चे की custody एक अभिभावक को दी जाती है। ऐसे में दूसरा अभिभावक पूरी तरह अधिकार खो देता है—यह धारणा सही नहीं है। जिस अभिभावक के पास custody नहीं होती, उसे आमतौर पर Visitation Rights दिए जाते हैं। इसका अर्थ है कि वह निश्चित समय और शर्तों के अनुसार बच्चे से मिल सकता है और उसके साथ समय बिता सकता है।

अदालत यह अधिकार बच्चे के हित (welfare of the child) को ध्यान में रखते हुए देती है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चा दोनों माता-पिता के साथ भावनात्मक संबंध बनाए रख सके।

Visitation कई प्रकार का हो सकता है—

* सप्ताहांत (weekend visits)
* छुट्टियों (vacation) में समय
* कुछ मामलों में वीडियो कॉल या फोन संपर्क

अदालत परिस्थितियों के अनुसार समय और शर्तें तय करती है। यदि किसी अभिभावक द्वारा visitation rights का पालन नहीं किया जाता, तो दूसरा पक्ष अदालत में जाकर इसे लागू (enforce) करवा सकता है।

यह भी देखा जाता है कि कई बार व्यक्तिगत विवाद के कारण एक पक्ष बच्चे को दूसरे से मिलने नहीं देता, जो कि बच्चे के हित के खिलाफ होता है।

निष्कर्ष: Visitation Rights का उद्देश्य केवल अभिभावक का अधिकार नहीं, बल्कि बच्चे का भावनात्मक संतुलन बनाए रखना है। अदालत हमेशा बच्चे के सर्वोत्तम हित को प्राथमिकता देती है।

# टेंपल सिटी स्कूल समगोली में स्व. अशोक कत्याल की जयंती पर चौथा भंडारा आयोजित

## छात्रों, अभिभावकों व क्षेत्रवासियों ने लिया प्रसाद, सेवा भाव की सराहना






जीरकपुर/यूटर्न/02 मई। टेंपल सिटी स्कूल, समगोली में 1 मई 2026 को स्वर्गीय अशोक कत्याल के जन्मदिवस के अवसर पर चौथे भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों तथा क्षेत्र के लोगों को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन और समूचा स्टाफ उपस्थित रहा। भंडारे के दौरान व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहीं, जिसकी सभी आगंतुकों ने सराहना की। आयोजन में सेवा भाव और सहयोग की भावना साफ तौर पर देखने को मिली। स्कूल प्रबंधन ने इस सफल आयोजन के लिए सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि उनके निस्वार्थ सेवा भाव, कड़ी मेहनत और टीम वर्क के चलते कार्यक्रम भव्य रूप से संपन्न हुआ। प्रसाद ग्रहण करने आए लोगों ने व्यवस्था और अनुशासन की सराहना करते हुए इसे एक सराहनीय पहल बताया।

# बॉलीवुड एक्टर आमिर खान के शास्त्रीय संगीत गुरु सुचेता भट्टाचार्यजी नोबल फाउंडेशन के विद्यार्थियों से मिलने पहुंचे



लुधियाना/यूटर्न/2 मई। बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान के शास्त्रीय संगीत गुरु सुचेता भट्टाचार्यजी एवं पद्मश्री नारायण व्यास शनिवार को लुधियाना में नोबल फाउंडेशन संस्था के विद्यार्थियों से मिलने पहुँचे। नोबल फाउंडेशन संस्था के द्वारा स्वाभिमान अवार्ड से सम्मानित विख्यात संगीतज्ञ सुचेता भट्टाचार्यजी और पुरातत्त्ववेत्ता पद्मश्री नारायण व्यास इसके अतिरिक्त साधना व्यास, सोनल व्यास, सार्थक व्यास एवं विक्रम व्यास भी विद्यार्थियों से मिलने और उनका उत्साहवर्धन करने के लिए विशेष रूप से उपस्थित रहे। नोबल फाउंडेशन संस्था की ब्रांचेस ग्यासपुरा फ्लैट्स और बिहारी कॉलोनी परिसर में पहुँचते ही बच्चों ने पारंपरिक तरीके से सभी अतिथियों का स्वागत किया। पद्म श्री नारायण व्यास और सुचेता भट्टाचार्य ने बहुत समय तक बच्चों के बीच बैठकर उनसे आत्मीय बातचीत की। उन्होंने बच्चों की पारिवारिक पृष्ठभूमि, पढ़ाई के प्रति लगन और भविष्य के सपनों के बारे में विस्तार से जाना। बच्चों की जिज्ञासा और संगीत के प्रति रुझान देखकर पूरा व्यास परिवार अत्यंत प्रभावित हुआ। सुचेता भट्टाचार्यजी ने छात्रों से संवाद के दौरान वादा किया कि वे शीघ्र ही दोबारा संस्था में आकर बच्चों को शास्त्रीय संगीत की निःशुल्क शिक्षा देंगे। उन्होंने नोबल फाउंडेशन के संस्थापक राजिंदर शर्मा से विशेष आग्रह किया कि, आप हमें जल्द से जल्द बुलाएं ताकि हमें इन होनहार बच्चों से फिर मिलने और उन्हें संगीत सिखाने का सौभाग्य मिले।

# मोनालिसा स्टोर्स ने द लाफ्टर लूट शो के साथ जम्मू और लुधियाना में खरीदारी के सुखद अनुभव की शुरूआत की






लुधियाना/यूटर्न/2 मई। फैशन, समुदाय और साझा अनुभवों के एक ताजा उत्सव में, मोनालिसा स्टोर्स ने जम्मू और लुधियाना के अपने सभी आउटलेट्स पर लाफ्टर लूट चैलेंज शुरू किया है। इस पहल ने रोजाना की खरीदारी को खुशी के एक यादगार पल में बदल दिया। इस अभियान का मुख्य आकर्षण मोनालिसा का कस्टम लाफ-ओ-मीटर था। यह एक इंटरैक्टिव डेसिबल मीटर है जिसने ग्राहकों को जोर से हंसने और रोमांचक पुरस्कार जीतने के लिए आमंत्रित किया। जिन प्रतिभागियों ने हंसी की निर्धारित सीमा को पार किया, उन्हें विशेष शॉपिंग कूपन दिए गए, जिन्हें मोनालिसा स्टोर्स पर रिडीम (भुनाया) किया जा सकता है। इस आयोजन को जो चीज वास्तव में खास बनाती है, वह है स्टोर्स के भीतर का माहौल। परिवारों, युवा खरीदारों, पुराने संरक्षकों और पहली बार आने वाले ग्राहकों ने एक साथ मिलकर एक ऐसा हल्का-फुल्का माहौल बनाया, जिसने रिटेल फ्लोर को खुशी और जुड़ाव के उत्सव में बदल दिया।

1969 में स्थापित और लुधियाना में जड़ें जमाने वाला मोनालिसा स्टोर्स, दशकों से फैशन रिटेल में एक विश्वसनीय नाम रहा है और जम्मू व लुधियाना के सबसे प्रतिष्ठित शॉपिंग स्थलों में से एक है। अपनी पुरानी विरासत को संजोते हुए ग्राहकों की पसंद के साथ लगातार विकसित होने के लिए पहचाना जाने वाला मोनालिसा, फैशन को यादगार अनुभवों के साथ जोड़कर रिटेल को फिर से परिभाषित कर रहा है।

एक प्रमोशनल गतिविधि से कहीं अधिक, लाफ्टर लूट चैलेंज अपने स्टोर्स के इर्द-गिर्द एक मजबूत समुदाय बनाने के मोनालिसा के बड़े विजन को दर्शाता है। यहाँ खरीदारी केवल लेन-देन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भावना, जुड़ाव और एकजुटता पर आधारित एक अनुभव बन जाती है। मोनालिसा स्टोर्स के एक प्रवक्ता ने कहा कि मोनालिसा में हमारा मानना है कि फैशन से लोगों को अच्छा महसूस होना चाहिए, न केवल उनके पहनावे के माध्यम से, बल्कि उन अनुभवों के माध्यम से भी जिन्हें वे अपने साथ घर ले जाते हैं। द लाफ्टर लूट शो लोगों को एक साथ लाने, खुशी के वास्तविक पल पैदा करने और उस गर्मजोशी का जश्न मनाने के लिए डिजाइन किया गया था जो हमारे ग्राहकों ने दशकों से हमें दिखाई है।

एक्सपेरिमेंटल रिटेल पर बढ़ते फोकस के साथ, मोनालिसा लगातार नए कस्टमर-फर्स्ट कॉन्सेप्ट पेश कर रहा है, जो एक प्रमुख फैशन गंतव्य के रूप में अपनी विरासत को बरकरार रखते हुए समुदाय के साथ इसके बंधन को मजबूत करते हैं।

# कमर्शियल सिलेंडरों के दाम बढ़ने पर आप लीडरों ने किया भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन

लुधियाना/यूटर्न/2 मई। लुधियाना के घंटा घर के पास कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी होने के चलके लुधियाना के आम आदमी पार्टी लीडरों द्वारा केंद्र की भाजपा सरकार खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान आप लीडर छोटे सिलेंडरों को पीठ पर रखकर घूमते नजर आए। इस बीच पैदल रोष मार्च भी निकाला गया। प्रदर्शन में मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर, विधायक अशोक पराशर पप्पी समेत कई लीडर शामिल हुए। इस दौरान कार्यकताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पहले एलपीजी




गैस में हेरफेर किया गया। जिस कारण लोगों की रसोई में खाना तक बनाना मुश्किल हो गया। फिर अब कमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ाकर छोटे कारोबारियों ढाबा संचालकों और हलवाइयों की कमर तोड़ दी है। इस बढ़ती महंगाई के कारण आम आदमी की थाली से भोजन दूर होता जा रहा है।

# गौवंश के भोजन चारे के गहराते संकट से उभरने के लिए गौ सेवको ने पंजाब सरकार से लगाई गुहार

लुधियाना/यूटर्न/2 मई। राष्ट्रीय गौ सेवा मिशन के अध्यक्ष स्वामी कृष्णा नंद जी के नेतृत्व में एकत्रित हुए विभिन्न गौ सेवक संगठनो ने पंजाब में गौवंश के भोजन के रुप प्रयोग होने वाले चारे (तूड़ी) के संकट पर चिंता व्यक्त की। पत्रकार वार्ता में उपस्थित बाबा सुध सिंह, सुन्दर दास धमीजा, प्रवीण डंग, मोहन लाल, हरीश शर्मा, शाम लाल सपरा व बिट्टू गुंबर ने एक स्वर में कहा पंजाब में डाइंग उद्योग सहित अन्य कमर्शियल गतिविधियों में चारे का



इस्तेमाल होने से पंजाब में चारे का संकट गहराता जा रहा है। सरकार को इस समस्या का हल करना चाहिए। इस अवसर पर पंजाब गौ सेवा महासंघ, राष्ट्रीय गौ सेवा मिशन, गोविंद गौधाम, श्री हिन्दू न्याय पीठ, प्राचीन गौशाला, बापू आसा राम गौशाला व गौशाला बहादरके रोड व शिव वैल्फेयर सोसायटी सहित अन्य संगठनो के प्रतिनिधि अश्वनी ग्रोवर, प्रदीप मितल, संदीप कुमार मदन लाल, प्रवीण कपूर, शैरी सिंह, राहुल धवन, हरजिन्द्र सिंह काका, राम आसरे, गुरी छतवाल, अश्वनी गुप्ता, अमित ग्रोवर, जतिन्द्र शर्मा, योगेश धीमान, अभिषेक धीमान, सुनील सूद अन्य भी उपस्थित रहे।

## विधानसभा की गरिमा को तार-तार करने वाले मुख्यमंत्री का आचरण बेहद शर्मनाक - संजीव चौधरी

लुधियाना/यूटर्न/2 मई। पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान मुख्यमंत्री के कथित आचरण पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, लुधियाना भाजपा प्रवक्ता एवं हैबोवाल मंडल प्रभारी संजीव चौधरी ने इसे पंजाब के लोकतांत्रिक इतिहास का काला अध्याय करार दिया है। उन्होंने भगवंत मान के इस आचरण को बेहद शर्मनाक करार देते हुए इसे लोकतंत्र का अपमान करने वाला कदम बताते हुए कहा कि विधानसभा वह पवित्र मंदिर है जहाँ पंजाब की 3 करोड़ जनता के भविष्य के फैसले लिए जाते हैं। मुख्यमंत्री का शराब के नशे में सदन के भीतर पहुंचना न केवल इस पद की गरिमा का उल्लंघन है, बल्कि पंजाब की जनता के विश्वास पर करारा प्रहार है। उन्होंने आगे कहा कि जो मुख्यमंत्री प्रदेश को नशामुक्त करने के बड़े-बड़े वादे करते थे, और इसके लिए युद्ध नशे विरुद्ध जैसी दिखावेबाजी की जा रही है आज उनकी अपनी कार्यशैली ने पंजाब का सिर पूरे देश में शर्म से झुका दिया है। विधानसभा सत्र जैसे गंभीर अवसर पर ऐसा गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार यह दशार्ता है कि सरकार के पास न तो कोई विजन है और न ही नैतिकता।



## डरहम कॉलेज के जीशान खान ने छात्रों को दी नए अवसरों की जानकारी



लुधियाना/यूटर्न/2 मई। आईडीपी एजुकेशन ने कनाडा के डरहम कॉलेज के साउथ एशिया के रिक्रूटमेंट हेड, जीशान खान को आमंत्रित करके एक सैशन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों के अनेक छात्रों ने भाग लिया और कॉलेज द्वारा पेश किए जा रहे नए युग के पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी हासिल की। साथ ही कई इन्फ्लुएंसर्स ने भी इस सत्र में भाग लिया और समझा कि विदेश में पढ़ाई के लिए कनाडा आज भी क्यों एक बेहतरीन विकल्प माना जाता है।

## कोटकपूरा में 12वीं राज्य स्तरीय गतका चैम्पियनशिप (लड़कियां) का भव्य आगाज



कोटकपूरा, यूटर्न, 02 मई। बाबा फरीद गुरुकुल ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में 12वीं राज्य स्तरीय गतका चैम्पियनशिप 2026 (लड़कियां) का शुभारंभ जयकारों और अरदास के बीच भव्य रूप से किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन गतका एसोसिएशन ऑफ पंजाब द्वारा जिला फरीदकोट के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व संसदीय सचिव Mantar Singh Brar सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों और रेफरी काउंसिल को अनुशासन और निष्पक्षता की शपथ भी दिलाई गई।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पंजाब विधानसभा के स्पीकर Kulatar Singh Sandhwan विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। पूर्व विधायक मनतार सिंह बराड़ ने कहा कि लड़कियों को आत्मरक्षा और मार्शल आर्ट में प्रशिक्षित करना एक सराहनीय कदम है।

# मनीमाजरा में चौकीदार की बेरहमी से हत्या: अर्धनग्न हालत में मिला शव, बेल्ट से गला घोंटने की आशंका; दुष्कर्म एंगल की भी जांच

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/02 मई। शहर के मनीमाजरा इलाके में शनिवार सुबह एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया, जिसने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। नगर निगम रोड विंग के एक चौकीदार की बेरहमी से हत्या कर शव को सुनसान स्थान पर फेंक दिया गया। मृतक की पहचान मौलीजागरां विकास नगर निवासी 31 वर्षीय कृष्णा पांडे के रूप में हुई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अज्ञात हमलावरों ने बेल्ट से गला घोंटकर हत्या की। शव चंडीगढ़-कालका हाईवे किनारे कलाग्राम के सामने बिट्टा पेट्रोल पंप के पास अर्धनग्न अवस्था में मिला। मौके की स्थिति को देखते हुए पुलिस दुष्कर्म की आशंका से भी इनकार नहीं कर रही है, हालांकि इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।





## ड्यूटी पर नहीं पहुंचा तो खुला मामला

घटना का खुलासा उस समय हुआ जब सुबह ड्यूटी पर पहुंचे कर्मचारियों और सुपरवाइजर सोहन सिंह ने चौकीदार को स्टोर से गायब पाया। परिजनों से संपर्क करने पर भी उसका कोई पता नहीं चला और मोबाइल फोन बंद मिला। इसके बाद आसपास खोजबीन की गई, जिसमें कुछ दूरी पर पाइप के पास उसका शव बरामद हुआ।

## पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर, जांच तेज

सूचना मिलते ही मनीमाजरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। डीसीपी नॉर्थ-ईस्ट विजय कुमार और थाना प्रभारी मनिंदर सिंह मनीमाजरा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। शव को सेक्टर 16 अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की तलाश में जुटी है।

## परिवार ने जताया विवाद का शक

मृतक के बड़े भाई आनंद पांडे ने बताया कि उन्हें घटना की सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे। उन्होंने आशंका जताई कि कुछ दिन पहले कृष्णा की किसी व्यक्ति से कहासुनी हुई थी, जिसे लेकर उन्होंने पुलिस को जानकारी दी है। परिवार ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की है। इस जघन्य वारदात के बाद मनीमाजरा और आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें, ताकि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का दावा किया जा रहा है।

# आप के बागी संदीप संदीप पाठक पर दो एफआईआर दर्ज, पुलिस ने रेड की तो पिछले गेट से भागने की चर्चाएं

चंडीगढ़/यूटर्न/2 मई। आप छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पंजाब से राज्यसभा सांसद संदीप पाठक के खिलाफ पंजाब में दो एफआईआर दर्ज हुई हैं। यह केस भ्रष्टाचार और शोषण से जुड़े हुए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गैर-जमानती धाराओं में केस दर्ज हुआ है। संदीप पाठक केस दर्ज होने की खबर बाहर आने से पहले दिल्ली स्थित अपने घर के पिछले दरवाजे से निकल गए। दावा किया जा रहा है कि जिस गाड़ी में बैठकर संदीप निकले, वह राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल के नाम पर रजिस्टर्ड है। गाड़ी पर नंबर भी जालंधर का है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राज्यसभा सांसद संदीप पाठक शनिवार को नई दिल्ली में अपने सरकारी आवास से निकल गए। यह ऐसे समय हुआ है जब पंजाब में उनके खिलाफ दो एफआईआर दर्ज होने के बाद उनकी गिरफ्तारी की संभावना है। ये मामले गैर-जमानती अपराधों के तहत दर्ज





किए गए हैं। पाठक उन सात आम आदमी पार्टी राज्यसभा सांसदों में से एक थे, जिन्होंने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी छोड़ दी थी और भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे।

## सरकारी आवास बाहर बढ़ाई सुरक्षा

विजुअल्स में पाठक के सरकारी आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ाते हुए देखा गया, जबकि एक अन्य वीडियो में उन्हें घर के पिछले दरवाजे से बाहर निकलते, कार में बैठते और वहां से जाते हुए दिखाया गया। सूत्रों ने बताया कि आप के इस बागी नेता का फोन बंद है और वह किसी अज्ञात जगह पर चले गए हैं; वहीं भाजपा ने उन्हें राहत दिलाने के लिए अपनी लीगल सेल को काम पर लगा दिया है।

## 24 अप्रैल को छोड़ी थी पार्टी

राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक मित्तल, क्रिकेटर हरभजन सिंह, राजिंदर गुप्ता, स्वाति मालीवाल और विक्रमजीत साहनी वे आप राज्यसभा सांसद थे, जिन्होंने 24 अप्रैल को पार्टी छोड़ने की घोषणा की थी। चूंकि आप के 10 राज्यसभा सांसदों में से सात ने एक साथ पार्टी बदली है और उनकी संख्या दो-तिहाई है, इसलिए संविधान की दसवीं अनुसूची (जिसे आमतौर पर दलबदल विरोधी कानून के नाम से जाना जाता है) के तहत उनमें से किसी की भी सदस्यता रद्द होने की संभावना नहीं है।

## 5 मई को राष्ट्रपति से मिलेंगे सीएम मान

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने घोषणा की है कि वह 5 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे, ताकि उस मुद्दे को उठा सकें जिसे उन्होंने अवैध और गैर-कानूनी दलबदल बताया है। साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे कृत्य जनता के जनादेश के साथ विश्वासघात के समान हैं। आप से राज्यसभा सांसदों के जाने के बाद, 117 सदस्यों वाली पंजाब विधानसभा में भगवंत मान ने विश्वास मत जीत लिया है। आप के पास 94 विधायकों के साथ बहुमत है, जबकि 16 विधायक कांग्रेस के हैं, एक विधायक बीएसपी का है और तीन विधायक अकाली दल के हैं।

# नशा बेचने आए तस्कर दंपत्तिनुमा जोड़ी गिरफ्तार;

## यादगार गेट के पास पुलिस ने बिछाया था जाल



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/2/मई। नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लुधियाना देहाती पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी, जब उक्त्त स्टाफ की टीम ने गश्त के दौरान 264 ग्राम हेरोइन के साथ एक पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह कार्रवाई थाना सिटी जगरांव के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर की है।

### कैसे बिछाया गया जाल ?

प्राप्त विवरण के अनुसार, एस.आई. गुरसेवक सिंह के नेतृत्व में सीआईए स्टाफ की टीम तहसील चौक के पास चेकिंग और गश्त पर तैनात थी। इसी बीच सूचना मिली कि मोगा निवासी दो व्यक्ति, जो नशे की सप्लाई का काला कारोबार करते हैं, इलाके में भारी मात्रा में हेरोइन सप्लाई करने की फिराक में हैं।

### यूं हुई गिरफ्तारी

जानकारी के मुताबिक, दविंदर सिंह (पुत्र जरनैल सिंह, निवासी तारेवाला, मोगा) और ज्योति (पत्नी मोहित, निवासी लोहोरियावाला मोहल्ला, मोगा) जी.टी. रोड स्थित 'कोठे अठ चक्क' के पास ग्राहकों के इंतजार में खड़े थे। पुलिस ने तुरंत छापेमारी करते हुए मौके पर ही दोनों आरोपियों को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 264 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### पुलिसिया कार्रवाई

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना सिटी जगरांव में (NDPS Act) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। अब पुलिस इस बात की गहराई से तफ्तीश कर रही है कि नशे की यह खेप कहां से लाई गई थी और इसे आगे किन-किन लोगों को सप्लाई किया जाना था। अपराध जगत की इस बड़ी कार्रवाई ने साफ कर दिया है कि पुलिस नशे के सौदागरों को किसी भी कीमत पर बख्शने के मूड में नहीं है। पुलिस अब इनके फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक खंगालने में जुटी है।

# निर्माण कार्य तेजी पर, अप्रैल 2028 तक पूरा होने का लक्ष्य

चंडीगढ़/यूटर्न/02 मई। संबंधित परियोजना का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है और इसे अप्रैल 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अधिकारियों के अनुसार काम को



समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है ताकि निर्धारित समय सीमा में परियोजना पूरी हो सके। बैठक के दौरान बताया गया कि ट्रस्ट द्वारा 'सेवा पखवाड़ा' के तहत लगातार जनसेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, योग सत्र और सामुदायिक कल्याण से संबंधित विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं, जिनका उद्देश्य लोगों में सामाजिक जागरूकता और सेवा भावना को बढ़ावा देना है।

मुख्यमंत्री Manohar Lal Khattar ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि परियोजना उच्चतम गुणवत्ता, पारदर्शिता और तय समय-सीमा के भीतर पूरी हो। बैठक में मुख्यमंत्री के डरऊडॉ. प्रभलीन सिंह, डीसी यमुनानगर सुश्री प्रीति, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) वर्षा खांगवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए आगे की रणनीति पर भी चर्चा की।

यूटर्न टाइम

# ढकोली CHC ने दिखाई तत्परता, सरकारी सप्लाई रुकी फिर भी नहीं रुका इलाज

## 15 दिन से एंटी रेबीज वैक्सीन की किल्लत, अस्पताल ने बाहर से खरीदकर संभाली व्यवस्था

जीरकपुर/यूटर्न/02 मई। ढकोली स्थित कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में पिछले करीब 15 दिनों से एंटी रेबीज वैक्सीन की सरकारी सप्लाई बाधित चल रही है। हालांकि, अस्पताल प्रशासन की तत्परता के चलते इलाज व्यवस्था पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है। जानकारी के अनुसार, सरकारी लॉट समय पर न पहुंचने के कारण अस्पताल में वैक्सीन का स्टॉक प्रभावित हुआ था। स्थिति अचानक बनने के बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने इसे



गंभीरता से लेते हुए तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था शुरू कर दी।

कम्युनिटी हेल्थ सेंटर ढकोली ने अपने स्तर पर बाहर से एंटी रेबीज वैक्सीन की खरीद कर ली, ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों का इलाज प्रभावित न हो।

इस कदम से अस्पताल में वैक्सीनेशन प्रक्रिया सुचारु रूप से जारी है। एसएमओ डॉ. गगनदीप सिंह ने बताया कि मरीजों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को समय पर डोज दी जा रही है और वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि इस स्थिति की जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है, ताकि जल्द से जल्द सरकारी सप्लाई बहाल हो सके। साथ ही, भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि वैक्सीन की कमी की स्थिति केवल ढकोली तक सीमित नहीं है, बल्कि जीरकपुर, डेराबस्सी और मोहाली के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में भी पिछले दिनों ऐसी ही स्थिति बनी हुई है। फिलहाल, ढकोली के कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध है और मरीजों को लगातार इलाज मिल रहा है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता बनी हुई है।

# हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने 'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान को किया मजबूत

## ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों संग बैठक, गांव-वार्ड स्तर पर जागरूकता कैंप लगाने का फैसला

डेराबस्सी/यूटर्न/02 मई। 'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने डेराबस्सी हलके के ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों के साथ एक रणनीतिक बैठक की। इस बैठक में क्षेत्रभर में नशों के खिलाफ जागरूकता अभियान को मजबूत करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि हर गांव और वार्ड स्तर पर जागरूकता कैंप लगाए जाएंगे, ताकि युवाओं को नशों के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक कर उन्हें सही दिशा की ओर प्रेरित किया जा सके। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अलग-अलग टीमें भी गठित की जाएंगी। इस मौके पर विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि नशों को खत्म करने के लिए सरकार के साथ-साथ समाज के हर वर्ग का सहयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को बचाने के लिए यह लड़ाई मिलकर लड़नी होगी और इसमें कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। बैठक में मालवा ईस्ट जोन इंचार्ज अनु बब्बर सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने विचार साझा किए और इस अभियान को जमीनी स्तर पर सफल बनाने का भरोसा दिया।

# जीरकपुर की रिधिमा गोयल ने 10वीं आईसीएसई में 97.8% अंक लेकर किया नाम रोशन

## स्कूल में तीसरा, ट्राईसिटी में 15वां स्थान; पीर मुच्छल्ला में जश्न का माहौल



जीरकपुर/यूटर्न/02 मई। पीर मुच्छल्ला क्षेत्र की होनहार छात्रा रिधिमा गोयल ने आईसीएसई बोर्ड की 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में 97.8 प्रतिशत अंक हासिल कर शानदार सफलता प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है और परिवार के साथ-साथ इलाके का नाम भी रोशन हुआ है।



रिधिमा, सेक्टर-20 पंचकूला स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल की मेधावी छात्रा हैं। उन्होंने अपने स्कूल में तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि ट्राईसिटी स्तर पर 15वां स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनकी इस उपलब्धि को लेकर स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने भी गर्व जताया है।

रिधिमा पंचकूला हाइट्स, पीर मुच्छल्ला की निवासी हैं। उनके पिता जय प्रकाश गोयल एक लैंड डेवलपर और प्रमोटर हैं, जबकि उनकी माता शैफाली गोयल गृहिणी हैं। परिवार ने इस सफलता का श्रेय रिधिमा की कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयासों को दिया है। रिधिमा की सफलता पर पंचकूला हाइट्स सोसाइटी के निवासियों ने भी खुशी जाहिर की और उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि रिधिमा जैसे प्रतिभाशाली विद्यार्थी अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत होते हैं। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने भी रिधिमा गोयल और उनके परिवार को बधाई दी।

# सांसद रंधावा की मौत की झूठे अफवाहें फैलाने पर एडीजीपी साइबर क्राइम को दी शिकायत

पंजाब/यूटर्न/2 मई। गुरदासपुर के सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पंजाब पुलिस की साइबर क्राइम शाखा में एक औपचारिक



शिकायत दर्ज कराई है। यह शिकायत सोशल मीडिया पर प्रसारित उस फर्जी पोस्ट के खिलाफ है, जिसमें दुर्घटना में उनकी मौत का झूठा दावा किया गया था। मोहाली स्थित स्टेट साइबर क्राइम सेल के एडीजीपी को भेजी गई अपनी शिकायत में रंधावा ने कहा कि इस भ्रामक पोस्ट को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर व्यापक रूप से साझा किया गया, जिससे जनता, उनके परिवार और समर्थकों के बीच दहशत और मानसिक परेशानी पैदा हुई। सांसद रंधावा ने आरोप लगाया कि इस पोस्ट को विश्वसनीय बनाने के लिए इसमें मीडिया हाउस के नाम और पहचान का इस्तेमाल भी किया गया था। सत्यापन के बाद यह पाया गया कि उक्त मीडिया संस्थान द्वारा ऐसी कोई खबर प्रकाशित नहीं की गई थी, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सामग्री जनता को गुमराह करने के इरादे से रची गई थी।

## नन्हे हाथ, बड़े सपने

# जीएचजी अकादमी में 'लेबर डे' पर बच्चों ने पेश की गरिमा की मिसाल



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/2/मई। स्थानीय जी.एच.जी अकादमी में 'अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस' (लेबर डे) बेहद अनूठे और प्रभावशाली ढंग से मनाया गया। स्कूल द्वारा आयोजित 'रोल-प्ले परेड' ने न केवल दर्शकों का मन मोह लिया, बल्कि समाज के हर वर्ग की मेहनत को सलाम भी किया।

**कार्यक्रम की**

रंग-बिरंगी वेशभूषा: नन्हे-मुन्ने बच्चे डॉक्टर, शिक्षक, मेहनती किसान, देश के रक्षक सिपाही और पुलिस अधिकारियों के रूप में सज-धज कर स्कूल पहुँचे।

**आत्मविश्वास की**

मिसाल: विद्यार्थियों ने मंच पर आकर अपने चुने हुए पेशे के बारे में प्रभावशाली विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे हर व्यवसाय समाज की प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान देता है।

मुख्य उद्देश्य: इस कार्यक्रम का मनोरथ बच्चों के मन में किसी भी काम को छोटा या बड़ा न समझने की भावना पैदा करना और श्रम के प्रति सम्मान (किरत का सत्कार) की नींव रखना था।

*'मेहनत ही सफलता की कुंजी है। हमारा मकसद बच्चों को यह समझाना है कि हर वह व्यक्ति जो समाज के लिए काम करता है, वह हमारे सम्मान का पात्र है।'-स्कूल प्रबंधक*

**सभ्य समाज की सीख**

अध्यापकों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की जमकर प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को यह शिक्षा दी गई कि एक सभ्य समाज के निर्माण के लिए हर मजदूर और हर पेशेवर का सम्मान करना अनिवार्य है। स्कूल परिसर पूरा दिन उत्साह और 'श्रम की महिमा' के नारों से गूंजता रहा।

# वार्ड नंबर 30 में विकास कार्यों पर राजनीति गरमाई

## नवतेज नवी ने लगाए आप के वार्ड इंचार्ज पर कामों का श्रेय लेने और फोटो खिंचवाने के आरोप

जीरकपुर/यूटर्न/02 मई। जीरकपुर के वार्ड नंबर 30 में चल रहे विकास कार्यों को लेकर राजनीतिक तनाव बढ़ता जा रहा है। आज इस मामले में आम आदमी पार्टी के वार्ड इंचार्ज और कांग्रेस पार्टी के पूर्व काउंसलर आमने-सामने आ गए। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व काउंसलर नवतेज नवी ने दूसरी पार्टी पर तीखे आरोप लगाते हुए कहा कि विकास कार्यों में राजनीति करना बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए नवतेज नवी ने बताया कि वार्ड में जारी कई विकास कार्य, जैसे कि जरनैल एन्क्लेव फेज-1 में सड़कों और टाइलें लगाने के प्रोजेक्ट, नगर काउंसिल के पूर्व प्रधान उदयवीर सिंह ढिल्लों द्वारा पहले ही मंजूर करवाए गए थे।

उन्होंने दावा किया कि ये सभी काम पिछली काउंसिल के समय टेंडर हो चुके थे और अब सिर्फ उनका क्रियान्वयन हो रहा है। इस मौके पर उन्होंने आम आदमी पार्टी के स्थानीय इंचार्ज पर आरोप लगाया कि वे इन कामों का श्रेय अपने नाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंचार्ज केवल मौके पर जाकर फोटो खिंचवा रहे हैं और लोगों में गलत धारणा बना रहे हैं। 'यह लोगों को गुमराह करने की कोशिश है, जबकि वास्तव में ये काम पिछली लीडरशिप की योजना का हिस्सा हैं।' उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वार्ड में हो रहे विकास कार्यों का मुख्य उद्देश्य लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना है और इसमें किसी भी तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए।



### वार्ड नंबर 30 के आप इंचार्ज अमन प्रताप सिंह का पक्ष

आरोपों का खंडन करते हुए वार्ड नंबर 30 से आम आदमी पार्टी के इंचार्ज अमन प्रताप सिंह ने कहा कि उन्होंने कभी भी जनता को यह नहीं कहा कि टेंडर उनके द्वारा पास करवाए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वार्ड इंचार्ज होने के नाते वह अपने क्षेत्र के लोगों के प्रति जिम्मेदार हैं। अमन प्रताप सिंह ने बताया कि पिछले एक महीने से रुके हुए कार्यों को लेकर जब वार्डवासी अपनी समस्याएं लेकर उनके पास पहुंचे, तो उन्होंने संबंधित विभाग से समन्वय कर उन कार्यों को शुरू करवाया। उन्होंने कहा कि यह उनकी जिम्मेदारी है कि वार्ड की जनता की समस्याओं का समाधान कराया जाए।

# जगरांव के गांव अखाड़ा में मातम

## 48 घंटों में दो नौजवानों की मौत, इलाके में दहशत का माहौल




-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/2/मई। जगरांव के नजदीकी गांव अखाड़ा में उस समय सनसनी फैल गई, जब लगातार दूसरे दिन एक और नौजवान का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। दो दिनों के भीतर हुई इन दो मौतों ने न केवल पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि पूरे इलाके में शोक और चिंता की लहर पैदा कर दी है।

**मामला 1:** विदेश जाने की तैयारी कर रहे हरमनदीप की मौत ताजा घटना में गांव अखाड़ा के रहने वाले हरमनदीप सिंह का शव गांव से काऊंके कलां जाने वाली लिंक सड़क के पास नहर किनारे से मिला। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, हरमनदीप मेहनत-मजदूरी करता था और सुनहरे भविष्य के लिए जल्द ही विदेश जाने की तैयारी में था। वह घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा, जिसके बाद उसका शव मिलने की खबर आई। जवान बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

**मामला 2:** दो बच्चों के पिता जसपाल सिंह का संदिग्ध शव मिला इससे ठीक एक दिन पहले, गांव के ही 33 वर्षीय जसपाल सिंह उर्फ विक्की की लाश सेम (नाले) के पास से बरामद हुई थी। बताया जा रहा है कि जसपाल अपने बच्चों की स्कूल फीस भरने के लिए घर से निकला था, लेकिन रहस्यमयी ढंग से लापता हो गया। अगले दिन शाम को उसकी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। जसपाल अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और उसके पीछे दो मासूम बच्चे हैं।

**पुलिस की कार्रवाई:** डीएसपी जसविंदर सिंह ढींडसा ने बताया कि पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की हर पहलू से बारीकी से जांच कर रही है।

**परिजनों की मांग:** दोनों ही मामलों में परिवारों और ग्रामीणों ने मौतों को संदिग्ध बताते हुए निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि मौतों के पीछे की असल सच्चाई सामने आनी चाहिए।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार:** पुलिस के अनुसार, मौत के असली कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा।

**निष्कर्ष:** गांव अखाड़ा में लगातार हुई इन मौतों ने स्थानीय लोगों के मन में डर पैदा कर दिया है। क्या यह कोई इत्तेफाक है या इसके पीछे कोई गहरी साजिश, यह तो पुलिस जांच और मेडिकल रिपोर्ट के बाद ही साफ हो पाएगा। फिलहाल, पूरा गांव इन दो चिरागों के बुझने पर सदमे में है।

# जसपिंदर सिंह मल्ली बने कनाडा के 'खालसा क्रेडिट यूनियन' के नए डायरेक्टर

-चरणजीत सिंह चन्न-



जगरांव/यूटर्न/2/मई। विश्व भर में सिख समुदाय के गौरव और एकमात्र वित्तीय संस्थान ह्यखालसा क्रेडिट यूनियनह्न (कनाडा) के हालिया चुनाव परिणामों की घोषणा कर दी गई है। इस चुनाव में प्रसिद्ध सिख व्यक्तित्व जसपिंदर सिंह मल्ली को भारी बहुमत के साथ डायरेक्टर चुना गया है। सदस्यों द्वारा जताए गए इस भरोसे के बाद अब वह आधिकारिक तौर पर यूनियन के 'बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स' में शामिल होकर अपनी सेवाएँ देंगे।

**पंथक विरासत और समर्पित व्यक्तित्व...**जसपिंदर सिंह मल्ली एक कट्टर गुरसिख और प्रतिष्ठित पंथक पारिवारिक पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखते हैं। उनके व्यक्तित्व का एक अहम पहलू यह है कि वह अपने कॉलेज के दिनों से ही 'सिख स्टूडेंट फेडरेशन' के सक्रिय सदस्य रहे हैं। पंथक गतिविधियों में उनकी निरंतर भागीदारी और सेवा भाव उन्हें समुदाय में एक विशेष पहचान दिलाता है।

**व्यावसायिक अनुभव से बढ़ेगी संस्थान की मजबूती...**मूल रूप से जगरांव के नजदीकी गांव तलवंडी मल्लीयां से संबंधित जसपिंदर सिंह, कनाडा के एक सफल कारोबारी हैं। वह जी.एच.जी. एकेडमी जगरांव के चेयरमैन गुरमेल सिंह मल्ली और डायरेक्टर बलजीत सिंह मल्ली के भतीजे हैं। खालसा क्रेडिट यूनियन के प्रबंधकों का मानना है कि जसपिंदर सिंह की व्यापारिक सूझबूझ और अनुभव संस्थान को वित्तीय रूप से और अधिक सशक्त बनाने और सदस्यों को आधुनिक सेवाएँ प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होगा।

**3 मई को वार्षिक आम बैठक (AGM) का आयोजन:** खालसा क्रेडिट यूनियन द्वारा अपनी वार्षिक आम बैठक (AGM) का आयोजन 3 मई, को क्राउन बैंक्वेट हॉल (Crown Banquet Hall) में किय जा रहा है।

**मुख्य आकर्षण:** नवनिर्वाचित डायरेक्टर जसपिंदर सिंह मल्ली विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

**उद्देश्य:** सदस्यों से सीधे रूबरू होना और भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श करना। यूनियन प्रशासन ने सभी सदस्यों से अपील की है कि वे इस बैठक में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें ताकि संस्था की प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान दे सकें।

# निहंग सिंहों ने हिमाचल के वाहनों पर पारस्परिक प्रवेश कर लगाने के लिए पंजाब सरकार को 7 दिन का अल्टीमेटम दिया

चंडीगढ़/यूटर्न/2 मई। हिमाचल प्रदेश के एंट्री टैक्स के खिलाफ चल रहा आंदोलन शनिवार को और तेज हो गया, जब निहंग सिंह भी इस आंदोलन में शामिल हो गए और पंजाब सरकार को सात दिन का अल्टीमेटम दिया कि वह भी बदले में हिमाचल पर टैक्स लगाए। बाबा अच्चर सिंह की अगुवाई में निहंग सिंहों का एक बड़ा समूह गारा मोरा टोल प्लाजा पर इकट्ठा हुआ। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पंजाब सरकार एक हफ़्ते के अंदर कोई कार्रवाई नहीं करती है, तो वे खुद हिमाचल में रजिस्टर्ड गाड़ियों पर बदले में टैक्स लगाना शुरू कर देंगे। निहंग नेताओं ने चेतावनी दी कि वे हिमाचल की सीमाओं पर अस्थायी छावनियाँ बना लेंगे, ताकि गाड़ियों से टैक्स वसूला जा सके, ठीक वैसे ही जैसा टैक्स पंजाब की गाड़ियों पर लगाया जा रहा है।



**यह टैक्स नहीं पंजाब वासियों का अधिकार है...**बाबा अच्चर सिंह ने कहा, यह सिर्फ.टैक्स का मामला नहीं है, बल्कि पंजाब के लोगों की इज्जत और अधिकारों का मामला है। अगर सरकार कोई कार्रवाई नहीं करती है, तो हम खुद ही मोर्चा संभाल लेंगे।₹ उन्होंने हिमाचल प्रदेश सरकार पर यात्रियों और ट्रांसपोर्टरों पर बोझ डालने का आरोप भी लगाया।

**अकाल तख्त के जत्थेदार के बयान के बाद ऐलान...**निहंग सिंहों ने यह ऐलान अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार कुलदीप सिंह गरगज के उस बयान के दो दिन बाद किया, जिसमें उन्होंने हिमाचल के एंट्री टैक्स को ₹जज़िया₹ टैक्स (एक ऐसा टैक्स जो मुगल शासन के दौरान लगाया जाता था) बताया था। इस आंदोलन की अगुवाई कर रहे संघर्ष समिति के नेता गौरव राणा ने कहा कि यह विरोध तब तक जारी रहेगा, जब तक हिमाचल प्रदेश सरकार एंट्री टैक्स वापस लेने का या फिर पंजाब सरकार बदले में टैक्स लगाने का कोई ठोस भरोसा नहीं दे देती।

**टोल यात्रियों के लिए मुफ्त रहेगा...**राणा ने कहा, जब तक प्रशासन हमें कोई साफ भरोसा नहीं दे देता, तब तक टोल प्लाजा यात्रियों के लिए मुफ़्त रहेगा। लोगों पर दोनों तरफ से बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने NHAI पर भी आरोप लगाया कि बार-बार अपील करने के बावजूद उसने इस मामले में कोई दखल नहीं दिया। यह विरोध-प्रदर्शन इस आंदोलन में एक नई तेजी का संकेत है। पिछले कुछ हफ़्तों से यह आंदोलन लगातार जोर पकड़ रहा है, खासकर टैक्सी चलाने वालों और छोटे ट्रांसपोर्टरों के बीच।

# निहंग सिंहों का छापा, होटलों में अवैध गतिविधियों पर बवाल

## कालका-शिमला हाईवे के होटलों से 8 युवतियां रेस्क्यू, 4 लोग पुलिस के हवाले

जीरकपुर/यूटर्न/02 मई। शुक्रवार देर रात जीरकपुर में उस समय हड़कंप मच गया, जब निहंग सिंहों और समाजसेवियों ने कथित तौर पर होटलों में चल रहे अवैध देह व्यापार के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। कोमी इंसाफ मोर्चा के मनिंदर सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई कालका-शिमला हाईवे पर स्थित कुछ होटलों में की गई।

मौके पर पहुंचे संगठन के सदस्यों ने होटलों में चल रही गतिविधियों का विरोध किया और आरोप लगाया कि यहां लंबे समय से अवैध धंधे संचालित हो रहे हैं। मनिंदर सिंह ने कहा कि पुलिस प्रशासन की ओर से समय पर सख्ती न होने के कारण ऐसे कारोबार लगातार फल-फूल रहे हैं।

कार्रवाई के दौरान मौके पर काफी हंगामा हुआ। टीम ने करीब 8 युवतियों को वहां से रेस्क्यू करवाया, जिन्हें कथित तौर पर इस धंधे में फंसाया गया था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।





पुलिस के मौके पर पहुंचने पर निहंग सिंहों ने होटल संचालकों और मैनेजर समेत चार लोगों को उनके हवाले कर दिया। फिलहाल पुलिस इस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इसमें और कौन-कौन शामिल है।

घटना के बाद इलाके में चर्चा का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का समर्थन करते हुए प्रशासन से मांग की है कि ऐसे अवैध धंधों पर स्थायी रोक लगाने के लिए नियमित जांच और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### पहले भी हो चुकी है कार्रवाई

करीब दो महीने पहले कालका-शिमला हाईवे पर स्थित कई होटलों पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए उन्हें सील कर दिया था। इनमें होटल गिन्नी, संगम और होटल हरियाणा समेत कई होटल शामिल थे। आरोप है कि दोबारा खुलने के बाद इन होटलों में फिर से अवैध गतिविधियां शुरू हो गई हैं, जिससे स्थानीय लोगों और समाजसेवियों में रोष है।

'यह होटल पहले सील कर दिए गए थे। होटल संचालकों ने हाई कोर्ट से अनुमति लेकर इन्हें दोबारा खोल लिया है। लेकिन यदि अब फिर से यहां गैरकानूनी गतिविधियां चल रही हैं, तो कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई जरूर की जाएगी। रात को जो मामला सामने आया है, उसमें हमने दोनों पक्षों को बुलाया है। सबूतों के आधार पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।'

— गजलप्रीत कौर, एएसपी, जीरकपुर

# ढकोली के कृष्णा एंक्लेव में टूटी पाइप से जल संकट, मरम्मत के बाद सप्लाई बहाल

## भीषण गर्मी में राहत: भाजपा नेता हरजीत सिंह मिंटा की पहल से समस्या का समाधान

जीरकपुर/यूटर्न/02 मई। ढकोली स्थित कृष्णा एंक्लेव के ब्लॉक-ए में पिछले कुछ दिनों से पानी की पाइप टूटने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। भीषण गर्मी के बीच पानी की किल्लत ने स्थानीय निवासियों की दिक्कतें और बढ़ा दी थीं, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा था। समस्या की गंभीरता को देखते हुए भाजपा नेता हरजीत सिंह मिंटा मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर टूटी हुई पाइप को तुरंत ठीक करवाया। पाइप की मरम्मत होते ही इलाके में पानी की सप्लाई दोबारा सुचारू हो गई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय निवासियों के अनुसार, कई दिनों से पानी की समस्या बनी हुई थी और गर्मी के मौसम में हालात काफी मुश्किल हो गए थे। पाइप ठीक होने के बाद अब स्थिति सामान्य हो गई है और लोगों को पर्याप्त पानी मिलने लगा है। इलाके के लोगों ने हरजीत सिंह मिंटा का आभार जताते हुए कहा कि समय रहते की गई इस पहल से बड़ी समस्या का समाधान हो गया। उनका कहना है कि ऐसे जनप्रतिनिधियों की सक्रियता से आम जनता की समस्याएं जल्द हल हो पाती हैं।



# ऑल पंजाब आंगनवाड़ी कर्मचारी यूनियन ब्लॉक बठिंडा ने हलका MLA के ऑफिस के सामने किया विरोध

## आंगनवाड़ी वर्कर्स को टीचर का दर्जा दिया जाए

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/02 मई। आज ऑल पंजाब आंगनवाड़ी कर्मचारी यूनियन ने ब्लॉक अध्यक्ष लीलावती बठिंडा और अमृतपाल कौर बल्लूआना के नेतृत्व में बठिंडा शहरी टछअ श्री जगरूप सिंह गिल के घर के सामने विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष गुरमीत कौर बठिंडा ने मांग की कि पंजाब सरकार चुनावों के दौरान किए गए वादे के अनुसार आंगनवाड़ी वर्कर्स और आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स का मानदेय दोगुना करे। आंगनवाड़ी वर्कर्स को स्मार्ट



फोन दिए जाएं, आंगनवाड़ी वर्कर्स को 200 रुपये और हेल्पर्स को 100 रुपये दिए जाएं।

मदर्स एंड डॉटर्स रिस्पेक्टेड स्कीम में काम लेने पर 100 रुपये, आंगनवाड़ी वर्कर्स से जनगणना इकोनॉमिक सर्वे, ड्रग सर्वे जैसे एक्स्ट्रा काम बंद किए जाएं, आंगनवाड़ी सेंटर्स में आने वाला राशन सरकारी संस्थाओं के जरिए दिया जाए, आंगनवाड़ी वर्कर्स को प्री-नर्सरी टीचर का दर्जा दिया जाए और बच्चों को वापस आंगनवाड़ी और गंवारियों में भेजा जाए, NGOs को दिए गए ब्लॉक्स का नोटिफिकेशन लागू किया जाए, जो जारी हो चुका है। इस धरने को दर्शन कौर बठिंडा, परमराज बठिंडा, सतवीर कौर बठिंडा, नवजोत बठिंडा, गुरविंदर कौर बठिंडा, मनप्रीत कौर सिविया, रेखा रानी गोनियाना कलां, सुनैना गोनियाना, राजविंदर कौर बुलाडेवाला आदि नेताओं ने संबोधित किया।

# सिंगर दिलजीत ने खालिस्तानियों को भगाया, अमेरिका में शो के दौरान मूसेवाला स्टाइल में थापी

जालंधर/यूटर्न/2 मई। पंजाबी और बॉलीवुड सिंगर दिलजीत दोसांझ ऑरा वर्ल्ड टूर के दौरान अमेरिका के कैलगरी में शो में खालिस्तानियों पर भड़क गए। दिलजीत ने पोस्टर दिखा रहे खालिस्तानी समर्थकों को स्टेज से ही जवाब दिया। अपने किसी शो में दिलजीत पहली बार इतने गुस्से में दिखे। दिलजीत ने सिद्धू मूसेवाला स्टाइल में अपनी जांघ पर थापी देते हुए कहा कि जिसने आना है मैदान में आ जाए। मैं उठाकर बाहर फेंकूंगा। उन्होंने कहा कि ये जो विरोध कर रहे हैं इन्होंने



पंजाब के लिए क्या किया। हमारा काम नहीं था फिर भी पंजाब में आई बाढ़ में लोगों की मदद की। उनके घर बनाए। बिना नाम लिए एक शो (KBC) का जिक्र करते हुए दिलजीत ने कहा कि हमारे लोगों की आवाज नेशनल मीडिया तक नहीं पहुंची थी। इसलिए वे शो में गए थे, वहां जाकर अपनी या फिल्म की प्रोमोशन नहीं की बल्कि पंजाब के भले के लिए ही फंड इकट्ठा किया। बता दें कि इन दिनों दिलजीत अमेरिका के टूर पर हैं। दिलजीत ने जिम्मी के शो का भी जिक्र करते हुए कहा कि मुझे क्या जरूरत थी यहां भी जिम्मी के शो में जाने की। मैंने वहां भी पंजाब की बात की। कामागाटामारू घटना का जिक्र किया।

## जाह्नवी कपूर ने बीच पर बिखेरा हुस्न का जलवा, तस्वीरें हुई वायरल

जाह्नवी कपूर



मुंबई। बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी बोल्ड और बेबाक अदाओं से सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। हाल ही में उनकी बीच पर खींची गई कुछ तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में जाह्नवी ने काले और लाल रंग का फ्लोरल बिकिनी आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद खूबसूरत और आकर्षक नजर आ रही हैं। गीले बालों और नेचुरल मेकअप में जाह्नवी का यह अंदाज फैंस के दिलों पर छा गया है। सोशल मीडिया पर इन तस्वीरों को लाखों लाइक्स और कमेंट्स मिल रहे हैं। फैंस उनकी फिटनेस और स्टाइल की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

# जगरांव पुलिस थाने के बाहर 'मजदूर दिवस' पर जोरदार प्रदर्शन

## 4 साल से इंसाफ के लिए भटक रहे पीड़ितों ने उठाई आवाज



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/2/मई। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर स्थानीय पुलिस थाने के सामने उस समय माहौल गर्मा गया जब पिछले चार वर्षों से पुलिस अत्याचार के खिलाफ धरने पर बैठे पीड़ितों और विभिन्न जन-संगठनों ने रोष-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने शासन और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर परमिंदर सिंह के माध्यम से एसएसपी डॉ. अंकुर गुप्ता को एक मांग पत्र सौंपा।

### दोषी पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कीर्ति किसान यूनियन के क्षेत्र अध्यक्ष गुरचरण सिंह रसूलपुर, देहाती मजदूर सभा के सचिव निर्मल सिंह धालीवाल और अन्य नेताओं ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज का दिन दुनिया भर में मजदूरों के अधिकारों और शिकागो के शहीदों की याद में मनाया जाता है।

लेकिन विडंबना यह है कि वर्तमान सरकारें किसानों, मजदूरों और गरीबों को न्याय देने में पूरी तरह विफल रही हैं।

### कमीशन के आदेशों के बावजूद न्याय से वंचित

मानवाधिकार संगठन के अध्यक्ष सतनाम सिंह धालीवाल और मामले के मुख्य शिकायतकर्ता इकबाल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (नई दिल्ली) के स्पष्ट आदेशों और डीजीपी (ल्फ) की जांच के बाद दोषियों पर मुकदमा तो दर्ज कर लिया गया, लेकिन उन्हें अभी तक सजा नहीं मिली है। नेताओं ने कहा कि ₹स्पेशल कोर्ट₹ के सख्त रुख के बाद अब प्रशासन की नींद तो टूटी है, लेकिन पुलिस और सिविल अधिकारियों का पक्षपाती रवैया अभी भी बरकरार है, जो बेहद निंदनीय है।

### जारी रहेगा संघर्ष

प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक दोषियों को जेल नहीं भेजा जाता और पीड़ितों को पूर्ण न्याय नहीं मिलता, तब तक यह धरना और संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। अदालत द्वारा पूर्व में की गई कुछ पुलिस कार्रवाइयों को रद्द करने से पीड़ितों में न्याय की उम्मीद जरूर जगी है। इस मौके पर जसप्रीत सिंह ढोलण (सत्कार कमेटी), भरपूर सिंह छज्जावाल (मजदूर संघर्ष कमेटी), मलकीत सिंह रूमी (पूर्व चेयरमैन), सुरिंदर कौर रसूलपुर, कमलजीत कौर, पूर्व सरपंच बलविंदर सिंह और जत्थेदार बुद्ध सिंह रतन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**मुद्दा:** 4 साल से लंबित पुलिस अत्याचार का मामला।

**मुख्य आरोपी:** तत्कालीन रल्ड गुरिंदर सिंह बल और अरकराजवीर सिंह।

**आरोप:** अवैध हिरासत, बिजली के झटके देना, यौन शोषण और फर्जी दस्तावेज बनाना।

**मांग:** दोषियों को तत्काल सजा और पीड़ितों को पूर्ण न्याय।

उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन थाना प्रभारी गुरिंदर सिंह बल और एएसआई राजवीर सिंह ने शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए गांव रसूलपुर के दो परिवारों पर अमानवीय अत्याचार किए। पीड़ित परिवारों को अवैध हिरासत में रखा गया, उन्हें यातनाएं दी गईं और जातिगत साजिश के तहत झूठे मुकदमों में फंसाया गया। पीड़ितों ने बताया कि पुलिसिया बर्बरता के दौरान युवती कुलवंत कौर को बिजली के झटके दिए गए और मनप्रीत कौर का यौन शोषण किया गया।

# प्रकृति संरक्षण का संकल्प : जगरांव में जुटे पर्यावरण प्रेमी, जैविक खेती और जल संचयन पर बना 'एक्शन प्लान'



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/2/मई। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ठोस कदम उठाते हुए आज जगरांव में 'पर्यावरण संरक्षण गतिविधि' की वार्षिक बैठक का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। इस बैठक में समाज के विभिन्न वर्गों से आए करीब 40 समर्पित पर्यावरण प्रेमियों ने शिरकत की और भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए एक साझा रणनीति तैयार की।

मुख्य विचार: संतुलन और संरक्षण कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री भुवन गोयल जी ने गिरते भू-जल स्तर और बिगड़ते पर्यावरण संतुलन पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने न केवल जल संरक्षण की अनिवार्यता पर जोर दिया, बल्कि आगामी वर्ष के लिए प्रस्तावित कार्यक्रमों का एक विस्तृत रोडमैप भी साझा किया।

अनुभवों का संगम: आंध्र से आए किसानों ने दिखाई राह बैठक का विशेष आकर्षण आंध्र प्रदेश से आए दो प्रगतिशील किसान रहे। उन्होंने अपने सफल प्रयोगों के माध्यम से बताया कि कैसे जैविक खेती और स्वदेशी जल संचयन तकनीकों के जरिए न केवल धरती की उर्वरता बचाई जा सकती है, बल्कि खेती को लाभप्रद भी बनाया जा सकता है।

### विविध क्षेत्रों की भागीदारी

बैठक में समाज के हर तबके का प्रतिनिधित्व देखने को मिला।

**महिला समूह व एनजीओ:** सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने पर सुझाव दिए। सरकारी स्कूलों के शिक्षकों ने बच्चों में पर्यावरण चेतना जगाने का संकल्प लिया।

**कॉरपोरेट जगत:** उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने 'ग्रीन इनिशिएटिव्स' पर चर्चा की।

*'हमारा लक्ष्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि एक ऐसी कार्यप्रणाली विकसित करना है जिससे जगरांव का हर नागरिक पर्यावरण संरक्षण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाए।'-प्रवीण*

आभार और संकल्प कार्यक्रम के समापन पर जिला संयोजक श्री अमित ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया। बैठक के अंत में सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से प्रकृति की रक्षा करने और आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित वातावरण सौंपने का दृढ़ संकल्प लिया।

## महात्मा फुले की शिक्षाएं आज भी मार्गदर्शक: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी



रेवाड़ी/यूटर्न/02 मई। हरियाणा के मुख्यमंत्री Nayab Singh Saini ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले जी की शिक्षाएं आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं और उनके आदर्शों पर चलते हुए राज्य को शिक्षित, स्वस्थ, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री रेवाड़ी में महात्मा ज्योतिबा फुले जी की 200वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फुले जी ने शिक्षा के माध्यम से सामाजिक क्रांति की नींव रखी और बालिका शिक्षा को नई दिशा दी। उन्होंने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर देश का पहला बालिका विद्यालय स्थापित कर समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ बड़ा आंदोलन चलाया।

सीएम ने कहा कि फुले जी का सपना समानता और न्याय पर आधारित समाज का निर्माण था, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों के जरिए आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार ने 217 संकल्पों पर कार्य शुरू किया है। दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का बजट बढ़ाकर 6,500 करोड़ रुपये किया गया है। वृद्धावस्था सम्मान भत्ता बढ़ाकर 3,200 रुपये किया गया है और एमएसपी पर सभी फसलों की खरीद सुनिश्चित की जा रही है। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## फिको के 64 सदस्य 'चाइना साइकिल शो 2026' के लिए रवाना




लुधियाना/यूटर्न/02 मई। फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल ऑर्गेनाईजेशंस (FICO - IMSME of India) के 64 सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल चीन के शंघाई में आयोजित होने वाले 'चाइना साइकिल शो 2026' के लिए रवाना हुआ। यह अंतरराष्ट्रीय आयोजन वैश्विक साइकिलिंग उद्योग में व्यापारिक अवसरों और तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच माना जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल को एमएसएमई डीएफओ के उप निदेशक श्री वजीर सिंह, फिको के चेयरमैन श्री के.के. सेठ, यूसीपीएमए के कन्वीनर एवं विश्वकर्मा फाउंडेशन इंटरनेशनल के प्रधान श्री अवतार सिंह भोगल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों के लिए टूर बुकलेट भी जारी की गई। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व फिको के आयोजन सचिव श्री अशप्रीत सिंह साहनी कर रहे हैं, जबकि फिको प्रधान श्री गुरमीत सिंह कुलार और महासचिव श्री मंजिंदर सिंह सचदेवा के मार्गदर्शन में यह दल अंतरराष्ट्रीय साझेदारी और नए व्यापारिक अवसरों की खोज करेगा। 'चाइना साइकिल शो' को साइकिल उद्योग में नवाचार और वैश्विक व्यापार का प्रमुख मंच माना जाता है, जहां दुनिया भर के उद्योगपति भाग लेते हैं। फिको के साइकिल प्रभाग प्रमुख श्री हरपाल सिंह भम्बर ने कहा कि यह यात्रा भारत-चीन व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करेगी तथा नए सहयोग के अवसर खोलेगी।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9814295372
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।